**TITLE: Re: Frequent shutdown of Internet in Rajasthan.**

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली):** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रशासनिक विफलताओं, अनावश्यक एवं राजनीतिक प्रयोजन से बंद की जा रही इंटरनेट सेवाओं की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। महोदय, एक तरफ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से भारत में डिजिटल क्रांति लाई जा रही है, जहां सब्जी से लेकर हवाई जहाज का टिकट तक सब इंटरनेट से हो रहा है। लेकिन राजस्थान की कांग्रेस सरकार इस क्रांति में अनावश्यक रूप से बाधा डाल रही है। दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन के नियम किसी भी सरकार को सार्वजनिक आपात्तकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के मामलों में इंटरनेट बंद करने का अधिकार देती है। लेकिन राजस्थान की कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं और घटिया मैनेजमेंट को छिपाने, बच्चों के लिए हो रही परीक्षाओं, सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा मान रही है। परीक्षाओं के दिन इंटरनेट बंदी के कारण बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

यह बहुत शर्म की बात है कि आज इस डिजिटल युग में राजस्थान में इंटरनेट बंद के आंकड़े 100 पार करने वाले हैं, जिसके कारण राजस्थान देश में सबसे अधिक इंटरनेट शट डाउन करने वाला राज्य बन गया है। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि मनमाने इंटरनेट शट डाउन नागरिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों पर हमला है। इसके साथ ही आर्थिक स्तर पर भी इंटरनेट शट डाउन से बहुत नुकसान हुआ है। महोदय, कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी प्रशासनिक विफलताओं को छिपाने के लिए इंटरनेट शट डाउन करना राज्य के हित में नहीं है। मेरा सदन के माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी और दूरसंचार मंत्री जी से अनुरोध है कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा अब तक किए गए इंटरनेट शटडाउन की रिपोर्ट मांगे। आगे, ऐसे कदम उठाने से पूर्व केन्द्र सरकार को शटडाउन के कारण बताए। बहुत-बहुत धन्यवाद।